# माता उन्मुखीकरण पंजिका

## को लोकेटेड आँगनवाड़ी केन्द्र उतरार

## बाबागंज-प्रतापगढ़









बेसिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश, (जनपद-प्रतापगढ़)

# ♻️परिचय♻️

उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित प्राथमिक एवं कम्पोज़िट विद्यालयों में को लोकेटेड आँगनवाड़ी केन्द्रों हेतु माता उन्मुखीकरण बैठक हेतु महानिदेशक द्वारा आदेश जारी किया गया है।

आदेश में प्रत्येक माह की बैठक के लिए थीम भी निर्धारित है। माता उन्मुखीकरण बैठक- जून से लेकर फ़रवरी तक आयोजित की जाएगी और माह मार्च में माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम बालमेला का आयोजन किया जायेगा।

## बैठक हेतु प्रतिभागी:-

माता उन्मुखीकरण बैठक में मुख्य रूप से आँगनवाड़ी केन्द्र में नामांकित बच्चे, उनके अभिभावक ले रूप में उनकी माताएँ, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, नोडल अध्यापक (प्री प्राइमरी), आँगनवाड़ी कार्यकत्री(को लोकेटेड), सुपरवाइज़र, ग्रामसभा के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित नागरिक आदि प्रतिभाग करेंगे।



Sonji@9236816485

NIPUN BHARAT समग्र शिक्षा Samagra Shiksha

# माता उन्मुखीकरण बैठक 2025-25 हेतु प्रत्येक माह के लिए निर्धारित थीम:-

माता उन्मुखीकरण बैठक हेतु प्रत्येक माः के लिए निर्धारित थीम निम्नवत है-

☆ **जून-** बच्चों के शुरुआती वर्षों का महत्व।

☆ **जुलाई-** स्थानीय गीत, कविताएँ और कहानियाँ- भाषा ज्ञान।

☆ **अगस्त-** बच्चों के साथ भ्रमण- संख्या ज्ञान।

☆ **सितम्बर-** स्थानीय खेल खिलौने- भाषा ज्ञान।

☆ **अक्टूबर-** बच्चों के सीखने की निगरानी एवं अवलोकन- मूल्यांकन की समझ

☆ **नवम्बर-** घर पर बच्चों के लिए सकारात्मक वातावरण का निर्माण- सामाजिक एवं भावनात्मक सम्बन्ध

☆ **दिसम्बर-** ज्ञानेन्द्रियों का उद्दीपन एवं संज्ञानात्मक विकास

☆ **जनवरी-** अच्छा खान-पान व अन्य आदतें एवं परिवेशीय समाज

☆ **फ़रवरी-** कलात्मक गतिविधियाँ(कला,गीत व नृत्य), सौन्दर्य बोध एवं सांस्कृतिक विकास

☆ **मार्च-** बाल मेला/अभिभावक सम्मेलन

Sonji@9236816485

# माता उन्मुखीकरण बैठक 2024-25 हेतु निर्धारित दायित्व:-

माता उन्मुखीकरण बैठक हेतु सभी अधिकारियों एवं अध्यापकों के दायित्व निर्धारित किये गये हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक और नोडल अध्यापक प्रत्येक माह की बैठक की रूपरेखा तैयार करेंगे। नोडल संकुल शिक्षक माता उन्मुखीकरण बैठक का फ़ीडबैक लेते हुए आगामी माह में आयोजन के लिए आवश्यक सहयोग विद्यालय स्तर पर देंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक प्रशिक्षण, डायट मेन्टर, आँगनवाड़ी कार्यकत्री, सुपरवाइज़र आदि के लिए अलग-अलग कर्तव्य व दायित्व निर्धारित किए गये हैं।

# माता उन्मुखीकरण बैठक हेतु वित्तीय व्यवस्था:-

माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी विद्यालयों के आवर्तक मद के तहत को लोकेटेड आँगनवाड़ी केन्द्र वाले विद्यालयों हेतु प्रतिमाह 500 रुपये की दर से 9 माह के लिए वित्तीय अनुमोदन किया गया है। उक्त बैठक हेतु सभी विद्यालयों में 500 रुपये प्रतिमाह की दर से 9 महीने हेतु कुल 4500 रुपये विद्यालयों में भेजें जाने का प्रावधान है। इस धनराशि का व्यय माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम में आमन्त्रित अतिथियों के जलपान एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों हेतु सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष द्वारा किया जायेगा।

Sonji@9236816485

समग्र शिक्षा Samagra Shiksha

# माता उन्मुखीकरण बैठक

## माह- जून 2024

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज दिनाँक 22 जून 2024 को प्राथमिक विद्यालय उतरार, विकासखण्ड बाबागंज, जनपद प्रतापगढ़ के प्रांगण में स्थित आँगनवाड़ी केन्द्र में माता उन्मुखीकरण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, नोडल शिक्षक, आँगनवाड़ी कार्यकत्री, सुपरवाइज़र सहित बच्चों की माताओं एवं ग्रामसभा के वरिष्ठ व प्रतिष्ठि व्यक्तियों ने प्रतिभाग किया।

बैठक में विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा समस्त आगन्तुकों का स्वागत किया व नोडल शिक्षक द्वारा आज की इस माह होने वाली बैठक के विषय में विस्तार से बताया। साथ ही जून महीने के लिए राज्य परियोजना द्वारा निर्धारित विषय- "बच्चों के शुरुआती वर्षों का महत्व" पर प्रकाश डालते हुए इसपर चर्चा की गयी।

तत्तपश्चात आँगनवाड़ी कार्यकत्री व सुपरवाइज़र द्वारा सभी को सम्बोधित करते हुए अपने नौनिहालों को नियमित आँगनवाड़ी केन्द्र भेजने की बात कही गयी। अन्ततः बैठक में आये हुए समस्त व्यक्तियों को जलपान कराते हुए उनका आभार व्यक्त किया गया और आज की इस महत्वपूर्ण बैठक के समापन की घोषणा की गयी।



Soni@9236816485

# माता उन्मुखीकरण बैठक

## माह- जुलाई 2024

आज दिनाँक 13 जुलाई 2024 को प्राथमिक विद्यालय उतरार, विकासखण्ड बाबागंज, जनपद प्रतापगढ़ के प्रांगण में अवस्थित आँगनवाड़ी केन्द्र में माता उन्मुखीकरण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, नोडल शिक्षक, आँगनवाड़ी कार्यकत्री, सुपरवाइज़र सहित बच्चों की माताओं एवं ग्रामसभा के वरिष्ठ व प्रतिष्ठि व्यक्तियों ने प्रतिभाग किया।

बैठक में विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा आज की बैठक के एजेंडे में शामिल बिन्दुओं को पढ़कर सुनाया गया और इसपर विस्तार से चर्चा हुई। जो निम्नवत रहे-

◆आँगनवाड़ी कार्यकत्री द्वारा गतिविधि कैलेण्डर दिखाते हुए माताओं को उनके बच्चों के सीखने के विषय में बताया गया। 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों को प्रारम्भिक बाल्यावस्था पर ध्यान केन्द्रित करते हुए उन्हें प्राथमिक शिक्षा के लिए तैयार करने पर चर्चा हुई।

◆आँगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा पिछले माह की गतिविधियों के सापेक्ष बच्चों ने कितना सीखा इसपर माताओं से बात की गयी।

◆स्थानीय गीत, कविता आदि के माध्यम से बच्चो के भाषा विकास पर कार्य किये जाने की बात की गई। माताओं के साथ बैठक में भी कुछ गतिविधियाँ करायी गई।

◆माता अभिभावकों से अपने बच्चों को साफ़ व स्वच्छ रखने पर चर्चा की गई।

अन्ततः खुली चर्चा में सभी के प्रश्नों का उत्तर देते हुए आज बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को जलपान कराया गया और अगली बैठक में उपस्थित होने के निवेदन के साथ आज की बैठक के समापन की घोषणा की गयी।



Sonj@9236816485

# माता उन्मुखीकरण बैठक

# माह- अगस्त 2024

अगस्त माह की माता उन्मुखीकरण बैठक का आयोजन आज दिनाँक 14/08/2024 को आयोजित किया गया। इस बैठक में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, नोडल शिक्षक, आँगनवाड़ी कार्यकत्री, सुपरवाइज़र सहित बच्चों की माताएँ और कुछ वरिष्ठ ग्रामीण उपस्थित रहे।

माह अगस्त की बैठक में सर्व प्रथम विद्यालय के प्रधानाध्यक द्वारा सभी आगन्तुकों का स्वागत किया गया तत्पश्चात नोडल शिक्षक द्वारा आज की बैठक के प्रमुख बिन्दुओं पर बारी बारी से चर्चा की गयी।

अगस्त माह के लिए बच्चों को संख्या ज्ञान हेतु उनके साथ भ्रमण की बात रखी गयी है। इस बिन्दु पर विस्तृत परिचर्चा हुई जिसमें नोडल शिक्षक और आँगनवाड़ी कार्यकत्री के द्वारा सभी अभिभावकों के समक्ष प्रस्तुतिकरण किया गया।

अन्त में खुली चर्चा का सत्र चला जिसमे अभिभावकों के प्रश्नों के उत्तर देकर उन्हें सन्तुष्ट किया गया और अगली बैठक में उपस्थिति के लिए आग्रह किया गया। इसके बाद सभी को सूक्ष्म जलपान कराया गया और आज की बैठक की औपचारिक घोषणा की गयी।







Sonji@9236816485

NIPUN BHARAT | समग्र शिक्षा Samagra Shiksha

# माता उन्मुखीकरण बैठक
## माह- सितम्बर 2024

को लोकेटेड आँगनवाड़ी केन्द्र उतरार में नामांकित 3 से 6 आयुवर्ग के सभी बच्चों की माताओं, आँगनवाड़ी कार्यकत्री, सुपरवाइज़र, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, नोडल शिक्षक व ग्रामसभा के वरिष्ठ प्रतिष्ठित नागरिकों की उपस्थिति में माह सितम्बर 2024 की माता उन्मुखीकरण बैठक 14 सितम्बर को आयोजित की गयी।

सभी महीनों की भाँति इसमहीने के लिए भी पहले से विषय निर्धारित था। इस माह का विषय स्थानीय खेल खिलौने- भाषा ज्ञान है। इसपर चर्चा करते हुए सभी माताओं को खेल के महत्व को बताया गया साथ ही बच्चों की दृष्टि से उपयोगी व सहज खेलों पर भी चर्चा हुई

अन्ततः बैठक में उपस्थित सभी माताओं एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया गया और सभी को जलपान कराया।इन सब के बाद सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया और आज की इस महत्वपूर्ण बैठक को समाप्त किया गया।





Soni@9236816485

# माता उन्मुखीकरण बैठक

## माह- अक्टूबर 2024

पूर्व निर्धारित एजेण्डे- "बच्चों के सीखने की निगरानी एवं अवलोकन मूल्यांकन की समझ" के अनुसार आज दिनाँक 16 अक्टूबर 2024 को प्राथमिक विद्यालय उतरार में को लोकेटेड आँगनवाड़ी केन्द्र सम्बन्धी माता उन्मुखीकरण बैठक का आयोजन किया गया। आज की इस महत्वपूर्ण बैठक में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, नोडल शिक्षक, आँगनवाड़ी कार्यकत्री एवं आँगनवाड़ी में नामांकित बच्चों की माताओं ने प्रतिभाग किया। बैठक में एजेण्डे के अनुरूप मुख्य बिन्दुओं पर चर्चा की गयी जो निम्नवत हैं-

■ अक्टूबर माह की बैठक में बच्चों को जो भी गतिविधि करायी जानी हैं, उन्हें स्वयं निगरानी में रखना है।

■बच्चे अपने इर्द गिर्द ही रहें और क्या व कैसे सीख रहे इसका भी ध्यान रखना है।

■बच्चे सीखी गई चीजों को कहाँ तक दोहराव कर पा रहे इसपर केंद्र और घर पर माता को ध्यान देना है

■बच्चे सीखने के दौरान किन किन कठिनाईयों का एहसास कर रहे हैं यह भी हमें प्वाइंट आउट करते रहना है।

अन्ततः खुली चर्चा में अभिभावक माताओं के प्रश्नों का जवाब दिया गया और5 इसके अगले क्रम में सभी को जलपान कराया गया। जलपान के बाद सभी को अगली बैठक में आने के लिए निवेदित किया गया और आज की बैठक के समापन की घोषणा की गयी।





Sonji@9236816485

NIPUN BHARAT | समग्र शिक्षा Samagra Shiksha | शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश

# माता उन्मुखीकरण बैठक

## माह- नवम्बर 2024

आज दिनाँक 26 नवम्बर 2024 को प्राथमिक विद्यालय उतरार में स्थित को लोकेटेड आँगनवाड़ी केन्द्र में माता उन्मुखीकरण बैठक का आयोजन किया गया। आज की इस बैठक में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, नोडल शिक्षक, आँगनवाड़ी कार्यकत्री, सुपरवाइज़र एवं केन्द्र में नामांकित बच्चों की माता अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। माह नवम्बर में आयोजित इस बैठक के मुख्य बिन्दु निम्नवत रहे-

◆ सर्वप्रथम बैठक में अक्टूबर माह में बच्चों को करायी गयी गतिविधियों पर निगरानी, अवलोकन व मूल्यांकन पर चर्चा हुई और इसके बात इसपर अनुभव साझा किए गये।

◆ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सकारात्मक वातावरण के महत्व पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी।

◆ बच्चों के व्यवहार को सकारात्मक दिशा प्रदान करने हेतु अभिभवकों से अनुभव साझा किये गये।

◆ बैठक में अभिभावकों के नकारात्मक एवं सकारात्मक व्यवहार पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी।

◆ बच्चों के विकास पर अभिभावकों के नकारात्मक एवं सकारात्मक व्यवहार के प्रभाव पर विचार साझा किए गये।



Sonji@9236816485

# माता उन्मुखीकरण बैठक

## माह- दिसम्बर 2024

आज दिनाँक 14 दिसम्बर 2024 को प्राथमिक विद्यालय उतरार में स्थित को लोकेटेड आँगनवाड़ी केन्द्र में माता उन्मुखीकरण बैठक का आयोजन किया गया। आज की इस बैठक में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, नोडल शिक्षक, आँगनवाड़ी कार्यकत्री, सुपरवाइज़र एवं केन्द्र में नामांकित बच्चों की माता अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। माह दिसम्बर हेतु निर्धारित टॉपिक- "ज्ञानेन्द्रियों का उद्दीपन एवं संज्ञानात्मक विकास" के उद्देश्य से आयोजित इस बैठक के मुख्य बिन्दु निम्नवत रहे-

◆ नवम्बर माह की गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गयी और उनमें किये जा सकने वाले सुधारों पर विचार आमन्त्रित किए गये।

◆ बच्चों की ज्ञानेन्द्रियों के उद्दीपन के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की गयी और इसके अनुसार ही बच्चों की ज्ञानेन्द्रियों के उद्दीपन पर कार्य करने की योजना का निर्माण भी किया गया।

◆ सौन्दर्यबोध के विकास पर चर्चा करते हुये इससे सम्बन्धित गतिविधियों हेतु सुझाव आमन्त्रित किये गये।

◆ अपने अपने बच्चों को स्वच्छ व सुन्दर रखने के लिए समस्त माताओं से आग्रह किया गया और उन्हें इससे होने वाले लाभों से भी परिचित कराया गया।




Sonu@9236816485

# माता उन्मुखीकरण बैठक

## माह- जनवरी 2025

आज दिनाँक 24 जनवरी 2024 को प्राथमिक विद्यालय उतरार में स्थित को लोकेटेड आँगनवाड़ी केन्द्र में माता उन्मुखीकरण बैठक का आयोजन किया गया। आज की इस बैठक में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, नोडल शिक्षक, आँगनवाड़ी कार्यकत्री, सुपरवाइज़र एवं केन्द्र में नामांकित बच्चों की माता अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। माह जनवरी हेतु निर्धारित टॉपिक- "अच्छा खान-पान व अन्य आदतें एवं परिवेशीय समझ" के उद्देश्य से आयोजित इस बैठक के मुख्य बिन्दु निम्नवत रहे-

★ दिसम्बर माह की गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गयी।
★ बच्चों के अच्छे पोषण के सम्बन्ध में चर्चा की गयी।
★ बच्चों में अच्छी आदतें विकसित करने पर चर्चा की गयी।
★ बच्चों में परिवेशीय समझ विकसित करने पर विस्तार से चर्चा हुई।
★ अच्छा पोषण, अन्य आदतें एवं परिवेशीय समझ के महत्व पर परिचर्चा हुई।
★ बच्चों को करायी जाने वाली गतिविधियों पर भी आपसी चर्चा की गयी।

अन्त में सभी का आभार व्यक्त करते हुए सूक्ष्म जलपान कराया गया और अगली बैठक में उपस्थिति हेतु निवेदन किया गया। इसके साथ ही आज की बैठक का समापन हुआ।





Sonj@9236816485

# माता उन्मुखीकरण बैठक

## माह- फ़रवरी 2025

पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार आज दिनाँक 08 फ़रवरी 2024 को प्राथमिक विद्यालय उतरार में स्थित को लोकेटेड आँगनवाड़ी केन्द्र में माता उन्मुखीकरण बैठक का आयोजन किया गया। आज की इस बैठक में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, नोडल शिक्षक, आँगनवाड़ी कार्यकत्री, ग्रामसभा के कुछ वरिष्ठ व प्रतिष्ठित नागरिक एवं केन्द्र में नामांकित बच्चों की माता अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। माह फ़रवरी हेतु निर्धारित टॉपिक- "कलात्मक गतिविधियाँ(कला, गीत व नृत्य) सौन्दर्यबोध एवं सांस्कृतिक विकास" है। इस टॉपिक के साथ ही अन्य बिन्दुओं के साथ आज की बैठक हुई जिसकी संक्षिप्त बातें इस प्रकार हैं-

★ माह जनवरी की गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गयी। और इस चर्चा में माताओं के विचार आवश्यक रूप से साझा किए गये।

★ कलात्मक गतिविधियों वाले कुछ विचार भी सबस आमन्त्रित किए गए और इसे लागू कराने की बात हुई।

★ बच्चों के लिए नृत्य, गीत आदि मनोरंजक  बिंदु हैं इसलिए इसको आवश्यक रूप से लागू करने पर विचार हुआ।

★ बच्चों में गीत, नृत्य और कला आदि की रुचि उतपन्न करने पर चर्चा हुई।

अन्त में सभी का आभार व्यक्त करते हुए सूक्ष्म जलपान कराया गया और अगली बैठक में उपस्थिति हेतु निवेदन किया गया। इसके साथ ही आज की बैठक का समापन हुआ।











Sonji@9236816485